हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 04 अंक–106 : जौनपुर, शनिवार 11 जून 2022 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्यवाही : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिया कि समाजविरोधी तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए पर ध्यान रहे किसी निर्दोष का उत्पीड़न न हो, लेकिन एक भी दोषी न बचे। वह शनिवार को टीम–9 के साथ बैठक कर प्रदेश में कानून व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माहौल बिगाड़ने वाले ऐसे असामाजिक तत्वों का सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। प्रदेश में कोविड की स्थति की समीक्षा करते हुए कहा कि विभिन्न राज्यों में कोविड के नए केस में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालांकि उत्तर प्रदेश में पॉजिटिविटी दर न्यूनतम है। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 1087 है। विगत 24 घंटों में 96 हजार से अधिक टेस्ट किए गए और 236 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 152 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। जीनोम सिक्वेंसिंग के हालिया नतीजे बताते हैं कि प्रदेश में ओमिक्रोन वैरिएंट का ही संक्रमण है। यह स्थिति घबराने की नहीं, किंतु सतर्क और सचेत रहने की है। कोविड टीकाकरण अभियान की प्रगति संतोषप्रद है। 33 करोड़ 21 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 94 प्रतिशत से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15–17 आयु वर्ग के 98.50 प्रतिशत किशोरों और 12 से 14 आयु वर्ग के 91.44 प्रतिशत से अधिक बच्चों को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। पात्र लोगों को टीके की दूसरी खुराक समय से दिया जाए। 18 वर्ष के अधिक की आयु के लोगों को बूस्टर डोज दिए जाने में तेजी की अपेक्षा है। बूस्टर डोज की महत्ता और बूस्टर टीकाकरण केंद्रों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जुलाई माह से प्रदेशव्यापी अभियान शुरू हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, फॉगिंग सैनिटाइजेशन के संबंध में जागरूकता बढ़ाये जाने की जरूरत है। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी जरूरी तैयारियां कर ली जाएं। जगरूकता प्रसार के प्रयासों में जनप्रतिनिधि गण का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। पांच साल में दो करोड़ युवाओं को डिजिटल शक्ति से लैस करेंगे मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आगामी पांच साल में हम दो करोड़ युवाओं को डिजिटल शक्ति से लैस करेंगे इसलिए युवाओं को निःशुल्क टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण का कार्य सुचारू रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि बिना भेदभाव हर छात्र–छात्रा को टैबलेट/स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश टीम–9 के साथ बैठक में दिए। स्वामित्व, घरौनी और वरासत जैसे कार्यक्रमों ने आमजनमानस को बड़ी सुविधा प्रदान करने में सफलता प्राप्त की है। इनकी

अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जाए। एक माह का विशेष अभियान चलाकर निर्विवाद वरासत के सभी मामलों में वरासत दर्ज कराएं। उत्तराधिकारियों को उनका हक यथाशीघ्र मिलना चाहिए। पैमाईश के लिये ई–फाइलिंग की व्यवस्था हो। बाढ़ एवं अन्य आपदाओं की स्थिति में स्थापित राहत कैम्पों में रहने वाली महिलाओं व किशोरियों को डिग्निटी किट उपलब्ध कराए जाएं। डिग्निटी किट में सैनेटरी पैड, साबुन, तौलिया, डिस्पोजेब्घल बैग, बाल्टी, मास्क आदि शामिल हों। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्थापित करने के इच्छुक संस्थाओं को सरकार की ओर से सभी जरूरी सहयोग दिए जाएं। स्थापना संबंधी नियमों व अर्हताओं को यथासंभव सरल भी किया गया है। ऐसे प्रस्तावों को कतई लंबित न रखें। किसानों को खाद और उन्नतशील बीज की सहज उपलब्धता कराई जाए। ऐसे प्रयास होने चाहिए कि एक वर्ष बीज ले जाने वाला किसान अगले वर्ष स्वयं बीज उपलब्ध कराने में सहायक बने। इससे बीज की उपलब्धता बढ़ेगी और उस किसान की आय में भी बढोतरी होगी। इस सम्बंध में किसानों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसान हितैषी योजनाओं से एक भी पात्र किसान वंचित न रहे।

लखनऊ जाने के लिए बदलापुर वालों को मिली सबसे बड़ी सौगात

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनता की बहुप्रतीक्षित मांग रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर पर सटल ट्रेन के ठहराव की सौगात विधायक रमेश चंद्र मिश्र के प्रयास से आखिरकार मिल ही गई। विधायक मिश्र अपनी क्षेत्रीय जनता के साथ शटल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर से 13 जून को लखनऊ के लिए रवाना करेंगे। लखनऊ जाने के लिए बदलापुर वासियों को एकमात्र वरुणा एक्सप्रेस का सहारा था। वाराणसी से चलकर लखनऊ कानपुर तक जाने वाली वरुणा एक्सप्रेस कोरोना काल में बंद हो गई है! रेल महकमा के आला अफसरों ने उस ट्रेन के स्थान पर शटल ट्रेन चलाई है! मगर उसका स्टॉपेज रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर पर नहीं हो रहा है जिससे विधानसभा क्षेत्र के लोगों को लखनऊ और वाराणसी जाने के लिए भारी मुसीबत उठानी पड़ रही है। श्री कृष्णा नगर रेलवे स्टेशन पर सटल ट्रेन के ठहराव के लिए क्षेत्रीय जनता ने अपनी आवाज विधायक रमेश चंद्र मिश्र तक पहुंचाई। परिणामस्वरूप 1 सप्ताह पूर्व विधायकमिश्र को आश्वस्त किया था कि 1 सप्ताह के भीतर रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर पर सटल ट्रेन का ठहराव होने लगेगा। विधायक मिश्र की मेहनत रंग लाई। अब ट्रेन संख्या 20420 ध्2 का ठहराव 13 जून से रेलवे स्टेशन श्री कृष्ण नगर पर होगा। स्टेशन अधीक्षक मनोज यादव ने बताया कि वाराणसी से चलकर लखनऊ जाने वाली यह ट्रेन 7:00 बज कर 18 मिनट पर रेलवे स्टेशन श्री कृष्ण नगर पर पहुंचेगी। 1 मिनट तक रुकने के बाद यह ट्रेन 7:19 पर लखनऊ के लिए रवाना होगी। लखनऊ से वाराणसी जाने वाली शटल एक्सप्रेस रेलवे स्टेशन श्री कृष्ण नगर पर 8:36 पर आएगी और 8:37 पर वाराणसी के लिए पुनः रवाना होगी। 13 जून से रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर पर होने वाले सटल ट्रेन के ठहराव का आदेश रेलवे बोर्ड के डिप्टी अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर पर सटल ट्रेन के ठहराव के लिए एक ज्ञापन सौंपा था। रेल मंत्री ने विधायकमिश्र को आश्वस्त किया था डायरेक्टर विवेक कुमार सिन्हा ने विधायक रमेश चंद्र मिश्र सहित विभाग के आला अफसरों कार्यवाही हेतु भेज दिया है। एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए लोगों ने किया खुशी का इजहार 13 जून से रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर पर सटल ट्रेन एक्सप्रेस के ठहराव की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लोगों में खुशी का ठिकाना नहीं रह गया। खुशी का इजहार करते हुए लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। तहसील उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल सिंह शक्ति, प्रबन्धक विनोद कुमार सिंह, प्रबन्धक, ओमप्रकाश सिंह , आदित्य प्रताप सिंह , जय कुमार सिंह, कृष्णा नन्द शर्मा ,दिलीप जायसवाल ,डॉ प्रमोद मिश्र मोनू ,सत्यम सिंह, विनोद तिवारी, उन्नत सिंह, राजदेव सिंह, अनिल पांडे आदि लोग है!

"मेरा विद्यालय मेरी पहचान" उत्कृष्ट विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित हुए जनपद के मुकेश सिंह व संजय मिश्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय (मेरा विद्यालय मेरी पहचान) जारी सूची मे जनपद के दो विद्यालय के प्रधानाध्यापको मुकेश सिंह प्राथमिक विद्यालय मीरपुर धर्मापुर और संजय कुमार मिश्र कंपाजिट विद्यालय गरियांव मुगराबादशाहपुर का चयन हुआ है, जिनको बेसिक शिक्षा निदेशक द्वारा सम्मानित किया जाएग। ज्ञात हो कि विद्यालयों के उल्लेखनीय कार्यों को विभिन्न हितधारकों के साथ साझा करने एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ०प्र०, लखनऊ द्वारा 'मेरा विद्यालय मेरी पहचान कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा अपने जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को अपने विद्यालय में किये गये उल्लेखनीय कार्यों का विवरण उपलब्ध कराया गया। जनपद स्तर पर प्राप्त प्रविष्टियों में से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा एक प्राथमिक एवं एक उच्च प्राथमिक विद्यालय का चयन कर परिषद को विवरण उपलब्ध कराया गया। जनपद स्तर से चयनित प्रविष्टियों का मूल्यांकन राज्य स्तर पर कराया गया। विद्यालय की छात्र संख्या, छात्रों की औसत उपस्थिति अपेक्षित लर्निंग आउटकम्स की सम्प्राप्ति, विद्यालय में बच्चे को खेलकूद / सहगामी क्रियाओं में प्रतिभागिता, समुदायिक सहयोग, विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं यथा स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर, खेलकूद की सामग्री, फर्नीचर आदि की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता विद्यालय परिसर की साफ–सफाई पर्यावरण संरक्षण, शौचालय की क्रियाशीलता, विद्यालय में पुस्तकालय की व्यवस्था एवं क्रियाशीलता, बालिका शिक्षा को

प्रोत्साहित करने हेतु प्रयास आदि के आधार पर प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन निर्णायक मण्डल से कराया गया। मूल्यांकन के आधार पर मेरा विद्यालय मेरी पहचान कार्यक्रम में जनपद जौनपुर के उक्त दोनों विद्यालयों का चयन किया गया। प्राथमिक विद्यालय मीरपुर धर्मापुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह ने बताया कोविड–19 के ठीक पूर्व आपदा को अवसर बनाते हुए उन्होंने विभागीय निर्देशों के तहत विद्यालय के 100: बच्चों को व्हाट्सएप प्लस मोहल्ला क्लास टीवी रेडियो व सामुदायिक सहयोग के माध्यम से शिक्षा से आच्छादित रखा अभिभावकों से निरंतर जनसंपर्क, विभिन्न टीएलएम का उपयोग कर अध्यापन कार्य को रुचिकर बनाकर बच्चों को देने एवं अन्य शैक्षिक सहगामी क्रियाओं के द्वारा बच्चों को बच्चों के व्यक्तित्व विकास में निरंतर प्रयत्नशील रहने के कारण विगत 2 वर्षों में ही छात्र संख्या 197 से बढ़कर 403 हो गई। श्री मुकेश सिंह के अथक परिश्रम को देखते हुए जिलाधिकारी, जिला बेसिक अधिकारी व अन्य स्वयंसेवी संगठनों द्वारा कई बार पुरस्कृत किया जा चुका है।

जेसीबी से खोदकर बेंच दी तालाब की मिट्टी : खंड विकास अधिकारी ने रोका भुगतान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गरियांव ग्राम सभा में जेसीबी से तालाब खोदा गया।ग्रामीणों की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी ने जांच कराया एवं शिकायत सही पाई गई।उसके बाद कार्रवाई करते हुए खंड विकास अधिकारी ने भुगतान रोक दिया।ग्राम प्रधान सुरेन्द्र सरोज ने जेसीबी ट्रैक्टर लगाकर तालाब की मिट्टी निकलवाकर बेंच दिया और सवा लाख रुपए का मास्टर रोल भुगतान हेतु आनलाइन कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान ने तालाब खोदने का प्रस्ताव बनाया उसके बाद जेसीबी ट्रैक्टर लगाकर तालाब की मिट्टी निकालकर बेच दिया।तालाब मनरेगा मजदूरों के द्वारा खोदा गया मास्टर रोल पर चालीस मजदूरों द्वारा चौदह दिन आनलाइन करा दिया।जिनकी मजदूरी सवा लाख रुपए भुगतान हेतु खंड विकास अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया।जानकारी होने पर गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार तिवारी एवं राजकुमार मौर्य आदि ने खंड विकास अधिकारी से लिखित शिकायत किया आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ने प्रस्ताव बनाकर ट्रैक्टर और जेसीबी लगाकर तालाब खोदा और मिट्टी बेच दिया।फर्जी मास्टर रोल भरकर भुगतान हेतु प्रस्तुत किया है।शिकायत को संज्ञान में लेते हुए खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने जांच कराया प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाई गई।तालाब से निकाली गई मिट्टी भी आस पास मौजूद नहीं मिली।उसके बाद उन्होंने कार्रवाई करते हुए मास्टर रोल जीरो कर दिया।इस संदर्भ में पूछे जाने पर खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के भुगतान रोक दिया गया है मास्टर रोल जीरो कर दिया गया है।ग्राम प्रधान के विरुद्ध कार्रवाही की जा रही है।

स्थगन आदेश के बाद कर रहे कब्जा : मुख्यमंत्री से की शिकायत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के नई आबादी मोहल्ला स्थित तहसील के सामने विवादित दुकान पर न्यायालय द्वारा जारी स्थगन आदेश के बावजूद एक पक्ष कब्जा कर रहा है। दुकान पर जबरदस्ती कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से निराश पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक नई आबादी निवासी श्यामलाल अग्रहरि पुत्र मेवालाल का मकान को लेकर अपने पट्टीदार से विवाद चल रहा है। जिस पर न्यायालय से स्थगन आदेश मिला हुआ है। पीड़ित श्यामलाल का आरोप है कि पट्टीदार ने सप्ताहभर पूर्व स्थगन आदेश के बावजूद जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से करने पर उन्होंने मौका मुआयना करने का आश्वासन दिया। लेकिन मौके पर नहीं पहुंचे। ऐसे में पीड़ित ने आईजी आरएस पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री से इंसाफ की गुहार लगाई है।

बीती रात पशुशाला में विषधर के दंश से तीन गाय की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज थाना क्षेत्र के बरहूपुर गांव में विषधर के दंश से बीती रात पशुशाला में बंधी तीन गायों की मौत हो गई जानकारी होने पर पशु स्वामी ने इसकी सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनवारुल हसन को दी सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी तीनों गायों का पोस्टमार्टम कर पंचनामा किया और हल्का लेखपाल शैलेंद्र द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। बरहूपुर गांव निवासी पशुपालक हरिप्रसाद पांडेय डेयरी फार्म चलाते हैं जिसमे लगभग सोलह मवेशी हैं जिसका देखभाल पशु स्वामी खुद करते है।बीती रात खूंटे से बंधी लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत की तीन गाय को किसी विषधर ने काट लिया सुगबुगाहट होने पर पशु स्वामी हरि प्रसाद जगे तो हालत गम्भीर देखकर पशु चिकित्सक को सूचना दी।सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनवारुल हसन मौके पर पहुंचकर उपचार शुरु किए किंतु आधे घंटे बाद तीनों गायों ने दम तोड़ दिया ऐसे में डॉक्टरों द्वारा मृत तीनों गायों का पोस्टमार्टम किया गया।वही घटना के बाद हल्का लेखपाल शैलेंद्र कुमार भौतिक सत्यापन व पंचनामा किया।पशु स्वामी द्वारा शनिवार को खेत मे जेसीबी से खुदवाकर तीनों गायों को दफन कराया गया।

नाले का निर्माण रुकने से नाराज ग्रामीणों ने थाने पर किया प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र के बिथार गांव के लोगो ने दबंगो द्वारा नाले का निर्माण कार्य रुकवाने की वजह से नाराज हो कर शनिवार को थाने पर प्रदर्शन किया और अपना विरोध जताया ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र पंचायत द्वारा बनवाये जा रहे इस नाले से ग्रामीणों को काफी लाभ होगा हर बरसात में जलनिकासी की समस्या की वजह से गांव के यादव बस्ती और राजभर बस्ती के कई घरों में पानी भर जाता है गांव के कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के चलते नाले का निर्माण कार्य रुकवा रहे है प्रदर्शन करने वालो में केशव यादव चंदन अखिलेश मुरारी विजय बहादुर यादव राम अवध यादव शिव नाथ यादव सेवा लाल अर्जुन सिकन्दर अमर बहादुर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

बारातियों से भरी जीप कंटेनर से टकराई : 18 घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के नौपेड़वा बाजार के पच्छिम मड़ैया गांव के समीप शुक्रवार की रात्रि करीब साढ़े बारह बजे बारातियों से भरी जीप सामने से आ रही कंटेनर से टकरा गई। टक्कर इतना भीषण था कि जीप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जीप में कुल 18 लोगों में 16 नाबालिक बच्चे घायल हो गए। सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष ओमनारायण सिंह ने हमराहियों के साथ सभी घायलों को नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल पांच बच्चों को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक बच्चें की मौत हो गई जबकि एक को बीएचयू रिफर कर दिया गया है। बक्शा थाना क्षेत्र के खुंशापुर गांव निवासी अमरू निषाद के घर से बारात सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बैजाराम पुर गई थी। बाराती खाना पीना खाकर जीप संख्या यूपी 62 डी 6162 पर सवार होकर घर के लिए प्रस्थान किये। जीप चालक नरी गांव निवासी छोटू यादव जीप में 17 नाबालिक बच्चों सहित के साथ कुल 19 लोगों के साथ घर के लिए चलते हुए मई से होते हुए वाराणसी लखनऊ मार्ग पर चढ़ गया। चालक गलत साइड से अभी मात्र तीन सौ मीटर मड़ैया नौपेड़वा पहुँचा ही था तभी सामने से वाराणसी की तरफ जा रही कंटेनर एचआर 55 एक्स 5834 से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर होते ही जीप में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुँचे एसओ ने घायलों को नौपेड़वा अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल 14 वर्षीय बादल निषाद पुत्र बृजलाल, 10 वर्षीय सौरभ निषाद पुत्र हरिकेश, 15 वर्षीय सन्दीप निषाद पुत्र राजनाथ, 9 वर्षीय निलेश निषाद पुत्र श्यामू निषाद, 9 वर्षीय अजय निषाद पुत्र श्रीप्रकाश निषाद को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान अजय की मौत हो गई जबकि नीलेश को बीएचयू रिफर कर दिया गया। इसके अलावा 12 वर्षीय एकलव्य निषाद पुत्र मुकेश, 17 वर्षीय आशू निषाद पुत्र श्री प्रकाश, 12 वर्षीय मनीष निषाद पुत्र राजेन्द्र, 14 वर्षीय नीलेश निषाद पुत्र श्यामू निषाद, 9 वर्षीय अजय निषाद पुत्र श्रीप्रकाश, 13 वर्षीय आयुष निषाद पुत्र रत्नाकर, 12 वर्षीय अरविंद पुत्र सुभाष निषाद, 12 वर्षीय अमित निषाद पुत्र राजेन्द्र, 14 वर्षीय बबलू निषाद पुत्र राजाराम, 14 वर्षीय ऊदल पुत्र बृजलाल उर्फ बिरजू,16 वर्षीय मंजीत निषाद पुत्र रामसिंह निषाद, 32 वर्षीय चन्दन निषाद, 18 वर्षीय सुनील निषाद पुत्र राम सिंह निषाद को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

आंध्र प्रदेश की टूरिस्ट बस ट्रक के पीछे टकराई : चार घायल व दो गम्भीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र गोपालापुर पुरेरामजी गांव स्थित पेट्रोल पम्प के समीप शनिवार को वाराणसी से अयोध्या जा रही आंध्रप्रदेश की टूरिस्ट बस ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतना भीषण था कि बस में सवार चालक सहित चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष ओम नारायण सिंह ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां दो घायलों की हालत गम्भीर बताई जा रही है। आंध्रप्रदेश के कुट्टुर जिला से दर्जनों लोग बस से वाराणसी से दर्शन करते हुए अयोध्या जा रहें थे। घटना स्थल के समीप पहुँचे ही थे तभी पेट्रोल पम्प के पास एक साइकिल सवार किशोर को बचाने के पश्चात ट्रक चालक बच्चें को डांट रहा था। उसी दौरान पीछे से आ रही टूरिस्ट बस ट्रक के पीछे जा टकराई। भीषण टक्कर होने के कारण बस चालक मल्ली तथा उसमें सवार श्रीनिवास रेड्डी, रामानम्मन तथा वैकेटेश्वर गम्भीर रूप से घायल हो गए। रेड्डी का एक हाथ एक पैर कट गया। सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस ने घायलों को जिला अस्पताल ले गयी। उधर दुर्घटना के बाद भाग रही ट्रक आगे महिमापुर के समीप किसी भी वाहन को आगे नही जाने दे रहा था। बदलापुर पुलिस की मदद से ट्रक को पकड़ लिया गया।

कंपोजिट विद्यालय से हजारों का सामान चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कंपोजिट विद्यालय शाहपुर सानी के रसोईघर सहित दस कमरो का ताला शुक्रवार की रात तोड़कर चोर सात पंखा, अग्निशमन यंत्र के चार सिलेंडर, पांच बोरी सीमेंट व बांस बल्ली उठा ले गये। गर्मी की चल रही छुट्टी के चलते किचन में रखा दोनों गैस सिलेंडर व चूल्हा व अन्य सामान पहले ही ग्राम प्रधान के घर भेज दिया गया था। अन्यथा चोर उसे भी समेट ले गये होते। प्रधानाध्यापक संजीव कुमार यादव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। मौके पर पहुँची पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर वापस लौट गई।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन में मेरा–मेरा करके मर जानें से बेहतर है तेरा–तेरा करके तैर जाना।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

हिंदुत्व का इतालवी संपर्क : आरएसएस की विचारधारा को समानांतर इतालवी फासीवाद

पिछले महीने उत्तर प्रदेश की शारदा यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस के एक शिक्षक ने अपने विद्यार्थियों से यह सवाल पूछा : 'क्या आप फासीवादध् नाजीवाद और हिंदू दक्षिणपंथ (हिंदुत्व) में किसी तरह की समानता पाते हैं? तर्कों के साथ वर्णन कीजिए।' यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने शिक्षक को इस आधार पर निलंबित कर दिया कि ऐसा प्रश्न करना हमारे देश की 'महान राष्ट्रीय पहचान' के पूरी तरह प्रतिकूल है और इससे 'सामाजिक कलह पैदा हो सकती है।

इस आलेख में उस सवाल का जवाब देने की कोशिश की जा रही है। मैंने इतालवी इतिहासकार मारिया कासोलारी के लेखन, खासतौर से इकोनॉमिक ऐंड पॉलिटिकल वीकली में वर्ष 2000 में प्रकाशित उनके लेख हिंदुत्व फॉरेन टाइ–अप इन द 1930 और उनके द्वारा बीस साल बाद प्रकाशित एक किताब शैडो ऑफ स्वास्तिक : द रिलेशनशिप्स बिटवीन रैडिकल नेशनलिज्म फासिज्म ऐंड नात्सिज्म का अपने मुख्य स्रोत की तरह इस्तेमाल किया है। डॉ. कासोलारी का काम इटली, भारत और ब्रिटेन के अभिलेखागारों में जाकर किए गए गहन शोध के साथ ही विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध सामग्री पर आधारित है।

उन्होंने दिखाया कि 1920 और 1930 के दशकों में मराठी प्रेस ने इटली में फासीवाद के उभार को गहरी दिलचस्पी, बल्कि प्रशंसात्मक तरीके से कवर किया। उसका यह भी विचार था कि भारत में इसी तरह की विचारधारा कृषि पर निर्भर इस पिछड़े देश में बदलाव लाकर उसे उभरती हुई औद्योगिक शक्ति बना सकती है और बेलगाम समाज को एक व्यवस्था और अनुशासन से बांध सकती है।

मुसोलिनी और फासीवाद पर केंद्रित इन चमकते लेखों को, जिनमें से कई को कासोलारी ने उद्धृत किया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख नेताओं केबी हेडगेवार और एमएस गोलवलकर और हिंदू महासभा के प्रमुख नेताओं विनायक दामोदर सावरकर तथा बीएस मुंजे ने भी पढ़ाकृ इन चारों की मातृभाषा मराठी थी। कासोलारी ने लिखा, '1920 के दशक के अंत में महाराष्ट्र में फासीवादी सत्ता और मुसोलिनी के अनेक समर्थक मौजूद थे।

हिंदू राष्ट्रवादियों को, निस्संदेह फासीवाद के जिस पहलू ने सबसे अधिक प्रभावित किया, वह था अराजकता से व्यवस्था की ओर इतालवी समाज का कथित बदलाव और उसका सैन्यीकरण। इस लोकतंत्र विरोधी प्रणाली को लोकतंत्र का एक सकारात्मक विकल्प माना जा रहा था। दरअसल लोकतंत्र को एक विशिष्ट ब्रिटिश संस्था के रूप में देखा जाता था।' कासोलारी के शोध ा के एक अहम किरदार हैं डॉ. बीएस मुंजे, जो कि हिंदू दक्षिणपंथ के एक बड़े विचारक हैं।

मुंजे ने 1931 में इटली की यात्रा की थी और वहीं उन्होंने फासीवादी सत्ता के अनेक समर्थकों से मुलाकात की थी। वह बेनितो मुसोलिनी और उनकी विचारधारा से, और युवाओं में सैन्यवाद की भावना का संचार करने की उनकी कोशिश से बहुत प्रभावित थे। आग्रह करने पर मुंजे की मुसोलिनी तक से मुलाकात हुई। जब ड्यूस (मुसोलिनी) ने भारतीय आगंतुक से पूछा कि वह फासीवादी युवा संगठनों के बारे में क्या सोचते हैं, तो मुंजे ने उत्तर दिया : 'महामहिम, मैं बहुत प्रभावित हूं।

प्रत्येक महत्वाकांक्षी और बढ़ते राष्ट्र को ऐसे संगठन की जरूरत होती है। भारत को अपने सैन्य उत्थान के लिए उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इटली के फासीवादी तानाशाह से हुए अपने संवाद के बारे में मुंजे ने लिखा : 'इस तरह यूरोपीय दुनिया की एक महान शख्सियत सिग्नोर मुसोलिनी से मेरे यादगार साक्षात्कार का समापन हुआ। वह चौड़े चेहरे, दोहरी ठुड्डी और चौड़ी छाती वाले लंबे कद के व्यक्ति हैं। उनके चेहरे से ही झलक जाता है कि वह मजबूत इच्छाशक्ति और दमदार शख्सियत के व्यक्ति हैं। मैंने गौर किया कि इटली के लोग उनसे प्रेम करते हैं।'

मुंजे मुसोलिनी के व्यक्तित्व से चकित थे, और उनकी विचारधारा में बहते चले गए, जिसमें शाश्वत युद्ध की महिमा और शांति और सुलह के प्रति अवमानना निहित थी। उन्होंने इतालवी तानाशाह के अनुमोदित बयानों को उद्धृत किया, जिनमें से एक की बानगी देखिए, 'केवल युद्ध ही मानव ऊर्जा को उच्चतम तनाव तक ले जाता है और उन लोगों की श्रेष्ठता साबित करता है, जिनमें इसका सामना करने का साहस होता है।' मुंजे आरएसएस के भावी संस्थापक केबी हेडगेवार के गुरु थे।

अपने युवा छात्र दिनों में हेडगेवार नागपुर में मुंजे के घर पर ही रहते थे और यह मुंजे ही थे, जिन्होंने हेडगेवार को चिकित्सा की पढ़ाई करने के लिए कलकत्ता भेजा था। इटली की यात्रा के बाद मुंजे और हेडगेवार ने हिंदू महासभा और आरएसएस को करीबी सहयोगी बनने के लिए कड़ी मेहनत की। कासोलारी हमें बताती हैं कि जनवरी,1934 में हेडगेवार ने फासीवाद और मुसोलिनी पर केंद्रित एक सम्मेलन की अध्यक्षता की थी और जिसमें मुंजे एक प्रमुख वक्ता थे।

उसी साल मार्च में मुंजे, हेडगेवार और उनके सहयोगियों की एक लंबी बैठक हुई, जिसमें मुंजे ने टिप्पणी की, 'मैंने हिंदू धर्मशास्त्र के आधार पर एक योजना पर विचार किया है, जो कि पूरे भारत में हिंदुइज्म का प्रमाणीकरण करेगी...लेकिन मुश्किल यह है कि इस विचार को व्यवहार में तब तक नहीं लाया जा सकता, जब तक कि हमारा अपना स्वराज न हो, जिसमें पुराने जमाने के शिवाजी या आज के इटली और जर्मनी के मुसोलिनी या हिटलर जैसा कोई हिंदू तानाशाह हो। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि हम भारत में किसी ऐसे तानाशाह के उदय तक हाथ में हाथ बांधे बैठे रहें। हमें इसके लिए कोई वैज्ञानिक योजना ईजाद करनी चाहिए और इसके लिए प्रचार करना चाहिए।'

मुंजे ने इस तरह इतालवी फासीवाद और आरएसएस की विचारधारा को समानांतर ला खड़ा किया। उन्होंने लिखा, 'फासीवाद का विचार लोगों के बीच एकता की अवधारणा को स्पष्ट रूप से सामने लाता है। भारत और विशेष रूप से हिंदू भारत को हिंदुओं के सैन्य उत्थान के लिए कुछ ऐसे संस्थान की आवश्यकता है। नागपुर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की हमारी संस्था हेडगेवार के अधीन इस तरह की है, हालांकि इसकी कल्पना काफी स्वतंत्र रूप से की गई थी।'

कासोलारी ने 1933 में एक पुलिस अधिकारी द्वारा आरएसएस पर की गई टिप्पणी को उद्धृत किया है, यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि संघ भविष्य में भारत में खुद को उसी तरह देख रहा है, जैसा कि इटली के लिए 'फासीवादी' और जर्मनी के लिए 'नाजी' हैं। टिप्पणी का अगला हिस्सा है, संघ अनिवार्य रूप से एक मुस्लिम विरोधी संगठन है, जिसका लक्ष्य देश में सर्वोच्चता स्थापित करना है।

कासोलारी के शोध ने विनायक दामोदर सावरकर के दृष्टिकोण को लेकर भी दिलचस्प टिप्पणी की है। उन्होंने लिखा कि 1938 तक सावरकर की अध्यक्षता में हिंदू महासभा में नाजी जर्मनी मुख्य संदर्भ बिंदु बन चुका था। नस्ल के संबंध में जर्मनी की कठोर नीतियों को भारत में 'मुस्लिम समस्या' को हल करने के लिए अपनाए जाने वाले मॉडल के रूप में लिया गया था। कासोलारी ने सावरकर की टिप्पणियों को उद्धृत किया है,: 'एक राष्ट्र का निर्माण उसमें रहने वाले बहुसंख्यकों से होता है।

जर्मनी में यहूदियों ने क्या किया? अल्पमत में होने के कारण उन्हें जर्मनी से खदेड़ दिया गया।' 'भारतीय मुस्लिम खुद की पहचान को और अपने हितों को पड़ोस के हिंदुओं की तुलना में भारत के बाहर मुस्लिमों के साथ जोड़ने के अधिक इच्छुक हैं, जैसा कि जर्मनी में यहूदी करते हैं।' सावरकर, निश्चित रूप से, आज भारत की सत्ता पर काबिज हिंदुत्व पर चलने वाली सरकार के लिए एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। कासोलारी की किताब में हिंदुत्व के एक अन्य प्रतीक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का भी संदर्भ है।

मारिया कासोलारी ऐसी पहली अध्येता नहीं हैं, जिन्होंने हिंदुत्व और फासीवाद की तुलना की है। उनके शोध दिखाते हैं कि शारदा यूनिवर्सिटी के शिक्षक ने अपने बच्चों से वैध और महत्वपूर्ण सवाल किया था। इसका जवाब न देकर और खुद शिक्षक को निलंबित कर विश्वविद्यालय के प्रशासकों ने सच्चाई के प्रति अपने डर का प्रदर्शन किया है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

शिक्षा जगत के आधार भूत स्तम्भ थे अरविन्द भारती – रामानन्द सैनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ।शिक्षा जगत के आधारभूत स्तंभ आदरणीय अरविंद भारती जी कल एक सड़क दुर्घटना में स्वर्गवासी हो गए स वह रुस्तम बिहार, नादरगंज लखनऊ में स्थित स्टार सिटी मांटेसरी स्कूल के न सिर्फ प्रबंधक थे बल्कि कई स्कूलों में अध्यापन कार्य करने के बाद आज भी गरीब और दलित बच्चों की मदद के लिए तैयार रहते थे स मंगलवार को सुबह 8:00 बजे इसी विषय पर उनसे हमारी चर्चा हुई थी स उन्होंने गरीब बच्चों को शिक्षित करने पर जोर देते हुए कहा था कि बड़े प्राइवेट विद्यालय गरीब बच्चों पर बिल्कुल ध्यान नहीं देते हैं स उन्हें शिक्षित करने का काम हमको और आपको करना है स करीब 2 घंटे तक इस विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा करने के बाद इस प्रश्न को ले करके मैं अपने विद्यालय वापस आया स गरीब बच्चों को शिक्षित करने में हम अपनी भूमिका कैसे अदा कर सकते हैं इस विषय पर चिंतन करने के बाद मैंने संकल्प लिया अरविंद जी के साथ इस क्षेत्र में बहुत बड़ा काम करने का प्रयास करूंगा स लेकिन प्रकृति का नियम तो देखो, मुझे लेश मात्र भी शंका नहीं थी कि दो दिन बाद हमारे बीच में अरविंद जी नहीं रहेंगे स हमारे जाने के बाद वह अपने परिवार के साथ दिल्ली गए और वापसी में आते समय कल दुर्घटना में काल कल्वित हो गए स विद्यालय प्रबंधक महासंघ लखनऊ के सदस्य, समाजवादी पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता, वरिष्ठ समाज सेवी जिन्होंने घर–घर में समाजवाद की अलग जगाने का काम किया था स चुनाव का समय हो, आधार कार्ड बनवाने हो, राशन कार्ड बनवाने हो, कोरोना वैक्सीन लगवानी हो, गरीबों के लिए कोई भी कल्याणकारी योजना में शामिल होने अरविंद जी हर जगह उपस्थित दिखाई देते थे स उनमे घमंड तो था ही नहीं, दिखावे से दूर वह किसी की आलोचना भी कभी नहीं करते थे स इतने बड़े समाजसेवी का चला

जाना मन को बहुत व्यथित करता है स मैं रामानंद सैनी अपनी ओर से, विद्यालय प्रबंधक महासंघ के अध्यक्ष राम सिंह यादव की ओर से तथा संगठन के सभी सदस्यों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भगवान से प्रार्थना करता हूं अरविंद जी को अपने श्री चरणों में स्थान दे स उनके परिवार में जो दुख पड़ा है जिसमें उनकी धर्म पत्नी और बच्चे ट्रामा सेंटर में भर्ती हैं उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो। विद्यालय प्रबंधक महासंघ के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, संरक्षक रामकरण पाठक, महामंत्री अजय कुमार सिंह, संगठन मंत्री अवधेश कुमार चौरसिया, रामसेवक चौरसिया, एसपी वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह यादव, अनूप कुमार यादव, योगेश यादव, अनुज कुमार यादव, शिव कुमार रावत, कुमारी आरती महोबिया समेत दर्जनों प्रबंधकों ने प्रभु से प्रार्थना की कि इस दुख को सहन करने में परिवार को शक्ति प्रदान करें।

'थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं'

जौनपुर सू.वि. : माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों पर ''थाना समाधान दिवस'' का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा , मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल ने थाना सरायख्वाजा में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुँच कर फरियादियों की समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व–पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण किया जाए ,इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। पुलिस टीम के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि अगर मामला गंभीर है तो तत्काल उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा त्यौहार रजिस्टर ,अपराध रजिस्टर, एससी एसटी रजिस्टर का निरीक्षण किया

और सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि थाना परिसर में आने वाले फरियादियों से अच्छा बर्ताव किया जाए, उनके बैठने के लिए कुर्सी एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था रहे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह, तहसीलदार पवन कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

चोरी पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही कमलापुर पुलिस

सीतापुर ब्यूरो अजय सिंह : कमलापुर थाना क्षेत्र मे नही थम रहा चोरी का सिल सिला कमलापुर थाना क्षेत्र मे चार दिनो मे लगातार चार बडी चोरिया हौसला बुलन्द चोर आऐ दिन दे रहे चोरी की घटनाओ को अंजाम कमलापुर पुलिस चोरो पर अंकुश लगाने व चोरियो का खुलासा करने मे असमर्थ कमलापुर थाना क्षेत्र मे 7 जून की रात को बेखौफ चोरो ने सलिल सिंह ग्राम बम्हेरा के घर को अपना निशाना बनाया घर के पीछे से सीढी लगाकर छत के रास्ते घर मे दाखिल हुए और नगदी समेत लाखो रूपए का माल बटोर ले गए वही 8 जून की रात को नईम पुत्र जाहिद ग्राम फत्तेपुर के घर को बेखौफ चोरो ने अपना निशाना बनाया और नईम के घर का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखो रूपयो के मालपर हाथ साफ कर दिया वही 9जून की रात को हौसला बुलन्द चोरो ने बहिरीमऊ निवासी अरविंद कुमार यादव के घर को अपना निशाना बनाया

और उनके मकान की पक्की दीवार मे नकब लगाकर नगदी समेत लाखो रूपयो का माल पारकर दिया वही 10 जून की रात बेखौफ चोरोने ने थाना कमलापुर के अन्तर्गत आने वाले गांव नेवादा मे नवी मोहम्मद के पर धावा बोलकर नगदी समेत सोने चांदी के जेवरात बटोर ले गए क्षेत्र में निरंतर बढ रही चोरियो की घटनाओ से क्षेत्र के लोगो मे भय व्याप्त है वही कमलापुर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है।

अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड(लोनिवि)मलखान सिंह द्वारा शासनादेश की अनदेखी बना बड़ा सवाल

सीतापुर ब्यूरो अजय सिंह : सरकार के फैसले और फैसलों पर जारी शासनादेश अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अहम माने जाते हैं क्योंकि शासनादेशों के जरिए ही शासन प्रशासन को कंट्रोल करता है और पूरी व्यवस्था का संचालन करता है जो साबित करता है कि शासन सर्वोपरि है और प्रशासन और उसने विभिन्न विभागों का दायित्व निभा रहे अधिकारी शासन आधीन हैं। परंतु प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सीतापुर में इसके उलट नजर आ रहा है यहां पर शासनादेश के उलट कार्य हो रहा है वह भी अधिकारियों की नाक के नीचे पर शीर्ष अधिकारी उस पर ध्यान नहीं दे रहे या कह दीजिए कि जानबूझकर शासनादेश की अनदेखी हो रही है। यह कोई और नहीं कर रहा बल्कि प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मलखान सिंह कर रहे हैं ऐसी चर्चाएं हो रही तो क्या शासन से ऊपर हो गए अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड मलखान सिंह,यह सवाल बन चुका है? अगर ऐसा नहीं है तो समूह (ग) के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों के संबंध में जारी 13 मई 2022 शासनादेश संख्या–8/2022/सा0–119/सैतालिस–4–2022(1/3/96) जारी शासनादेश आखिरकार अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड मलखान सिंह क्यों अमल नहीं कर रहे हैं। बताते चलें कि प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग में कर्मचारी कई इस तरीके के जिनकी शासनादेश के अनुसार अपने निर्धारित क्षेत्र(फील्ड)और पटल पर समयावधि पूरी हो चुकी। जिनमें कुछ के नाम कुछ इस प्रकार हैं,अवर अभियंता डीएन सिंह,धनीराम भार्गव,राजेश पाल,श्रवन कुमार,राम कृष्ण श्रीवास्तव जिनको प्रशासनिक अधिकारी का दर्जा प्राप्त है बड़े बाबू ,अमित श्रीवास्तव–महेश प्रसाद यादव वरिष्ठ सहायक निर्धारित समयावधि पूरी कर चुके परंतु अभी तक उनको फेरबदल नहीं किया गया है? क्या फेरबदल के पीछे भी कुछ सच्चाई छिपी है? फिलहाल इस मामले को शासन को संज्ञान लेना चाहिए अब देखना होगा इस मामले में शासन शासन संज्ञान लेगा और कब तक जान लेगा। लेकिन अगर शासन ने संज्ञान लिया तो यह कहा जा रहा है की प्रांतीय खंड अधिशासी अभियंता मलखान सिंह पर भी कार्यवाही हो सकती है।

तहसील लहरपुर से पीएल मौर्य उप जिला अधिकारी के जाने से जनता में छाया गम का माहौल

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर : लहरपुर सीतापुर तहसील लहरपुर में तैनात रहे उप जिलाधिकारी पी एल मौर्य जनपद के एक ऐसे अधिकारी हैं जो जिस–जिस तहसील में जाते हैं अपनी अलग छवि और पहचान छोड जाते हैं तहसील लहरपुर की जनता पीएल मौर्य के स्थानांतरण हो जाने के कारण काफी दुखी है उनके जाने के बाद पीड़ितों को न तो समय पर नहीं मिल पा रहा है न तो समय पर कार्य पर हैं तहसील प्रशासन की व्यवस्था में भी पूरा बदलाव हो गया है वर्तमान स्थिति ऐसी बन गई है कि लोगों को न्याय के लिए दर–दर भटकना पड़ रहा है तहसील के चक्कर बराबर लोगों के द्वारा लगाए जा रहे हैं परंतु हीला हवाली टालमटोल जैसे कार्य प्रारंभ हो गए हैं दूसरी तरफ उपजिलाधिकारी सीएल मौर्य के कार्यों से विश्वा तहसील की जनता को न्याय मिलना प्रारंभ हो चुका है समय पर लोगों के कार्य हो रहे हैं पीड़ितों की पीड़ा को सुनकर उप जिलाधिकारी पी एल मौर्य लोगों को न्याय दे रहे हैं तहसील प्रशासन की व्यवस्था भी पूरी तरह से चाक चौबंद हो गई है लहरपुर की जनता उप जिलाधिकारी पीएल मौर्य

लहरपुर को लाने के लिए प्रयासरत है और गुहार लगा रही है कि कुछ समय के लिए यदि पीएल मौर्य लहरपुर की कमान संभालते हैं तो लहरपुर में पूरा पूरा बदलाव हो जाएगा भ्रष्टाचार का खात्मा पूरी तरह से हो जाएगा जो जनता चाहती है।

फिक्की फ्लो ने डिजिटल मार्केटिंग पर किया कार्यशाला का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। फिक्की फ्लो लखनऊ ने आज होटल हयात में अपने सदस्यों , उद्यमियों, पेशेवरों को सशक्त बनाने और उन्हें शिक्षित करने के लिए एक डिजिटल मार्केटिंग मास्टरक्लास ब्रांड और डिजिटल मार्केटिंग इकोसिस्टम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लखनऊ की डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ अनुप्रिया अग्रवाल ने उपस्थित फ्लो सदस्यों को बताया कि आज का युग ऑनलाइन है इसलिए किसी कारोबार को डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से बुलंदियों तक पहुंचाया जा सकता है। अनुप्रिया ने कहा कि इस दौर में हम सभी ऑनलाइन शॉपिंग, टिकट बुकिंग, रिचार्ज, बिल भुगतान, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन आदि कई काम इंटरनेट के जरिए आराम से घर बैठे–बैठे करते हैं। यदि हम मार्केट की स्थिति पर नजर डालें तो लगभग 70 फीसदी क्रेता किसी भी प्रोडक्ट को खरीदने या सर्विस लेने से पहले ऑनलाइन रिसर्च करते है, ऐसे में किसी भी कम्पनी या बिजनेस के लिए डिजिटल मार्केटिंग महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने सलाह दी कि वे गूगल एड वर्ल्ड, ब्लॉग राइटिंग, कंटेंट राइटिंग, इंटरनेट मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग की स्टडी और तकनीक पर जरूर ध्यान दें।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रोडक्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाने और उसकी पहचान बनाने में डिजिटल मार्केटिंग सबसे अधिक प्रभावी है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए फिक्की फ्लो लखनऊ की अध्यक्ष सीमू घई ने कहा कि डिजिटल मार्केटिंग आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। व्यापारिक उपभोक्ता आज इसके माध्यम से समय और धन दोनों का अपव्यय रोकते हैं। आजकल एक

फोनकॉल से ही पता लग जाता है कि बाजार में उपभोक्ता की पसंद क्या है। सत्यता ये है कि डिजिटल मार्केटिंग आज के समय की संतुष्टि और आवश्यक पूर्ति का अंग बन चुकी है। इस अवसर पर फिक्की फ्लो की नेशनल स्टार्टअप हेड, डॉ आरती गुप्ता ने कहा की "संस्थापकों और फंडर्स का एक इकोसिस्टम बनाकर हम फ्लो सदस्यों को नेटवर्क सीखने और बढ़ने का अवसर दे रहे हैं। सरकारी और निजी संस्थानों के साथ साझेदारी से उन्हें अपने स्टार्टअप के सपने को सफल बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज अधिकांश कम्पनियां प्रोडक्ट की प्रॉपर्टीज सोशल साइट पर अपलोड कर रही हैं। अपने प्रोडक्ट का प्रचार–प्रसार सस्ते में करने के लिए डिजिटल मार्केटिंग सर्वाधिक उपयुक्त माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में सीनियर वाइस चेयरपर्सन स्वाति वर्मा, सिमरन साहनी, डॉ अर्पिता आनंद ,असमा हुसैन सहित 100 से अधिक सदस्य मौजूद थे।

125वीं जयन्ती पर याद किये गये काकोरी क्रान्ति के प्रमुख पं राम प्रसाद बिस्मिल

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : भारतीय नागरिक परिषद के तत्वावधान में आज जीपीओ स्थित काकोरी स्मृति शिलालेख पर पं राम प्रसाद बिस्मिल की 125वीं जन्म जयन्ती मनाई गई और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। भारतीय नागरिक परिषद के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अग्निहोत्री और महामंत्री रीना त्रिपाठी ने उप्र सरकार और मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से माँग की कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में और पं राम प्रसाद बिस्मिल के 125वीं जन्म जयन्ती वर्ष में जीपीओ का नाम पं राम प्रसाद बिस्मिल के नाम पर रख दिया जाये और जीपीओ में पं राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा लगाई जाये। इस अवसर पर मुख्य वक्ता ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने पं राम प्रसाद बिस्मिल के यशस्वी क्रांतिकारी जीवन की कई घटनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि ब्रिटिश हुकूमत पं राम प्रसाद बिस्मिल से इतना खौफ खाती थी कि उनके ऊपर कत्ल का कोई इल्जाम न होते हुए भी उन्हें फाँसी की सजा दी गई। अंग्रेज जज हेमिल्टन ने अपने फाँसी के आदेश में कहा कि यह कोई साधारण ट्रेन डकैती नहीं, अपितु ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंकने की एक सोची समझी साजिश है। हालाँकि इनमें से कोई भी अभियुक्त अपने व्यक्तिगत लाभ के लिये इस योजना में शामिल नहीं हुआ परन्तु चूँकि किसी ने भी न तो अपने किये पर कोई पश्चाताप किया है और न ही भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से स्वयं को अलग रखने का वचन दिया है अतः जो भी सजा दी गयी है सोच समझ कर दी गयी है और इस हालत में उसमें किसी भी प्रकार की कोई छूट नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि

पं राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, राजेन्द्र लाहिड़ी और ठाकुर रोशन सिंह को फाँसी की सजा इसी जीपीओ में सुनाई गई थी जिसका नाम रिंग थीएटर था और इसे अस्थायी कोर्ट बनाया गया था। पं राम प्रसाद बिस्मिल और अन्य क्रांतिकारियों को लखनऊ जिला जेल में रखा गया था और मुकदमे की सुनवाई के लिये उन्हें पुरानी जेल से केकेसी के सामने से होते हुए जीपीओ लाया जाता था। पुरानी जेल रोड का नाम भी पं राम प्रसाद बिस्मिल के नाम पर जनवरी 2022 में लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया ने कर दिया है किन्तु तदनुरूप मार्ग के पत्थर अभी नहीं लगे हैं जिन्हें लगाया जाए।अतः आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जीपीओ का नाम पं राम प्रसाद बिस्मिल के नाम पर किये जाने और जीपीओ में उनकी प्रतिमा स्थापित किये जाने की भारतीय नागरिक परिषद की माँग सर्वथा उचित है। पं राम प्रसाद बिस्मिल के क्रांतिकारी जीवन पर एच एन पांडेय, वाई एन उपाध्याय, अनिल सिंह, अजय तिवारी, आकाश मिश्र, प्रेम तिवारी, सरोजबाला सोनी, गीता वर्मा, सुमन दुबे, मो. इब्राहिम, सच्चिदानंद पांडेय, तरुण शर्मा, रमेश शुक्ला, महेश मिश्रा, विनायक मिश्र, मिथिलेश कुमार राजू शुक्ला, त्रिवेणी मिश्रा, राममोहन मिश्र, धीरज त्रिपाठी और कई अन्य लोगों ने विचार रखे।इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारी, अधिकारी, बुद्धिजीवी और आम लोग उपस्थित थे।

जौनपुर में तैयार हुआ बीजेपी का नया दफ्तर : जेपी नड्डा ने किया वर्चुअली उद्घाटन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं का एक लंबे अरसे का इंतजार अब खत्म हो गया है। आज 10 जून को इस कार्यालय का उद्घाटन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गोरखपुर से वर्चुअली किया। कार्यालय में लगे एलईडी पर वहा उपस्थित कार्यकर्ताओ ने उद्घाटन कार्यक्रम को देखे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा ने देश में 512 जिला कार्यालय बनाने का लक्ष्य तय किया है। आज मुझे ये बताते हुए खुशी हो रही है कि 230 कार्यालय बन कर तैयार हो गए हैं और 150 कार्यालयों के निर्माण का कार्य चल रहा है। उत्तर प्रदेश में 72 कार्यालय खुलने थे, यहां पर 69 कार्यालय खुल गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ भाजपा जहां कार्यालयों का उद्घाटन करती है तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा गरीब कल्याण के लिए हमारा जो सतत प्रयास है उस प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए गरीब कल्याण मेला भी लगाती है और लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने का अंतिम पड़ाव भी पूरा करती है। हमारी सरकार जिम्मेदार और जवाबदेही वाली सरकार है। समस्या आने पर उससे लड़ने वाली सरकार है। इस मौके केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ पाण्डेय मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रदेश मंत्री शंकर गिरी उपस्थित रहे। शहर से बाहर मछलीशहर रोड पर लखनऊ वाराणसी बाईपास के पल के पास यह बिल्डिंग बनकर तैयार हुई है अब यहीं से बीजेपी की रणनीति तैयार हुआ करेगी। तीन मंजिला बिल्डिंग में अब बीजेपी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का नया ठिकाना होगा। भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के कार्यालय का उद्घाटन वैदिक मंत्रोचार के बीच मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री भारी उद्योग महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने किया। उन्होंने कार्यालय पर लगे शिलापट्ट का लोकार्पण किये, उसके उपरांत फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किये। उसके उपरांत कार्यालय

के प्रत्येक कमरे में घूमकर अवलोकन किये। उसके उपरान्त पण्डित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी में उत्साह का माहौल है। सभी को इसका लाभ बिना भेद भाव के मिला है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की नीति को आत्मसात कर सरकारी योजनाएं बनाई है। सभी पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्र ने की। उक्त अवसर पर राज्य सभा सदस्य सीमा द्विवेदी, विधायक रमेश मिश्रा, रमेश सिंह, विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर, ब्लॉक प्रमुख गण संजय सिंह, बृजेश यादव, सुनील यादव, उमेश तिवारी, मछलीशहर जिलाध्यक्ष रामविलास पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, मीडिया पैनलिस्ट ओमप्रकाश सिंह, दिनेश सिंह बब्बू, नीरज सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया, सुधाकर उपाध्याय, राकेश वर्मा, संदीप सरोज, जिलामंत्री अभय राय, रविन्द्र सिंह राजू दादा, राज पटेल, जिला कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा, जिला कार्यालय मन्त्री विपिन द्विवेदी, ओम प्रकाश सिंह, मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, अनिल गुप्ता, नरेन्द्र उपाध्याय, मेराज हैदर, रागिनी सिंह, दिव्यांशु सिंह, सुरेश धुरिया, अजय सरोज, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, संजीव साहू, प्रदीप यादव, ऋषिकेश श्रीवास्तव मण्डल अध्यक्ष गण, सुभम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

आजमगढ़ उप चुनाव के संदर्भ में पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी की विशेष बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी की विशेष बैठक आजमगढ़ उप चुनाव के संदर्भ में पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहा जौनपुर के कार्यकर्ता नेता विधायक गण आजमगढ़ लोकसभा के उप चुनाव में हर बूथ पर डेरा डाले दें और इस नारे के साथ अपने–अपने बूथों पर लग जाए ''डेरा डालों बूथ जितावों धर्मेंद्र को दिल्ली पहुचावों'' के तहत हर घर में संपर्क कर समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट डालने के लिए जनता से अपील करें आजमगढ़ की महान जनता ने जिस तरह 10 विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी के खाते में डाला है और लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के खाते में था और इस उपचुनाव में भी समाजवादी पार्टी के खाते में रहेगा वहा के लोग बहुत बुद्धिजीवी है और समाजवादी पार्टी को लगातार वहां से जीत मिलता चला आ रहा है लेकिन वहीं भाजपा भी इस चुनाव में हर तरिका अपनायेगा उससे हमें सावधान रहने की जरूरत है भाजपा सरकार कभी भी लोकत्रांतिक तरिके से ये चुनाव नहीं करायेगा वह शासन प्रशासन धन आसन का करेगा भरपूर दुरुपयोग इसलिए जिन भी बूथों पर जौनपुर के समाजवादी साथियों को

जिम्मेदारी मिलेगा वह बूथ कर दीजिएगा पूर्व के चुनाव परिणाम से भी बहुत मजबूत यह उपचुनाव बहुत महत्वपूर्ण है आने वाले 2024 में इस उपचुनाव का परिणाम तय करेगा आगे का रास्ता बैठक में मुख्य रूप से विधायक जगदीश नरायन राय,लकी यादव, पूर्व अध्यक्ष राजबहादुर यादव, डां जितेन्द्र यादव,श्याम बहादुर पाल,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी राजेश यादव,पूनम मौर्या,दीपचंद राम, राजनाथ यादव,रमापति यादव,केशजीत यादव,विवेक रंजन यादव डॉ जग बहादुर यादव भानु प्रताप मौर्या, गुड्डू सोनकर,टाइगर यादव डां शरफराज,रमेश साहनी कमाल हासमी, विजय सिंह बागी,लक्ष्मी शंकर यादव,नन्नलाल यादव अनील यादव मुकेश यादव, आदि संचालन जिला महासचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

आबकारी दुकान के सेल्समैन के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर सफल अनावरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सोईथा मजार के पास शुक्रवार को आबकारी दुकान के सेल्समैन के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए पांच शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। अभियुक्तों के कब्जे से लूट का कुल 64400 रुपया, दो कट्टा व 3 कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिल भी बरामद हुई है। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे द्वारा हमराही पुलिस बल के सहयोग से मुखबिर खास की सूचना पर लूट करने वाले अभियुक्तगण विपिन यादव पुत्र अशोक कुमार यादव निवासी सराय कालीदास, अंकुश चौहान पुत्र राम लाल चौहान निवासी सराय कालीदास थाना मड़ियाहूँ, धीरज यादव पुत्र सियाराम यादव ग्राम परियावां कुड़वा थाना लाईन बाजार, विजय प्रकाश यादव उर्फ बग्गड़ पुत्र धर्मराज यादव निवासी परियावां थाना लाईन बाजार, पीयूष यादव पुत्र राम बहाल यादव निवासी रारी परियावां लाईन बाजार जिला जौनपुर को सिद्धनाथ बाग सराय कालीदास के पास से शनिवार की सुबह जब वह लूटी गई रकम का बंटवारा कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में कोतवाल किशोर कुमार चौबे, वरिष्ठ उपनिरीक्षक घनश्याम शुक्ला, उपनिरीक्षक शिव भंजन प्रसाद, कांस्टेबल जितेंद्र पांडे, सुधीर दुबे, प्रवीण मिश्रा, मुरारी यादव आदि रहे।

जमीनी विवाद में पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दो को भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव के निवासी दो व्यक्तियों का जमीनी विवाद में पुलिस ने चालान कर जेल भेज दिया। बता दें कि जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव के निवासी रवि कुमार व राहुल कुमार में जमीन के बंटवारे का विवाद चल रहा है। इसी जमीनी विवाद को लेकर रविवार को दोनो पक्षों में झड़प हो गई। विवाद की सूचना पर पहुची थाने की पुलिस ने दोनो को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस द्वारा उक्त दोनों व्यक्तियों को पुनः विवाद न करने की हिदायत देते हुए शांति भंग की धारा 151 में चालान कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष जफराबाद राजाराम द्विवेदी ने बताया कि दोनों पक्षों में जमीन बटवारे को लेकर झडप हुई थी। जिस पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए रवि और राहुल का शांति भंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया गया है।

समाधान दिवस पर फरियादियो की सुनी समस्याएं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर भीषण गर्मी के बावजूद भी फरियादी थाने में पहुंचे थाना में ग्यारह राजस्व सम्बन्धी व एक पुलिस विभाग से सम्बंधित मामले आए मौके पर निस्तारण न होने से फरियादियो को मायूस लौटना पड़ा।मौके पर थाना प्रभारी सन्तोष कुमार शुक्ल तहसीलदार मृदुला दूबे,कानूनगो,हल्का लेखपाल सम्बन्धित विभाग की टीम पुलिस बल सहित फरियादी मौजूद रहे।

थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं श्रीमान् क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराहियान द्वारा आज दिनांक 10.06.2022 को समय 04.50 बजे सुबह गैंगेस्टर एक्ट के 01 नफर वांछित अभियुक्त प्रशान्त पटेल पुत्र नन्दलाल पटेल निवासी ग्राम पुराजीवन

थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर उम्र करीब 25 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 56/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधिनियम थाना नेवढ़िया जौनपुर को गौरीशंकर मंदिर रिकेबीपुर के सामने से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त – 1. प्रशान्त पटेल पुत्र नन्दलाल पटेल निवासी ग्राम पुराजीवन थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर। सम्बन्धित/पंजीकृत मु0अ0सं0– 1. मु0अ0सं0 56/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधिनियम थाना नेवढ़िया जौनपुर आपराधिक इतिहासदृ 1.मु0अ0सं0 741/17 धारा 394/302/411/420 भादवि थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 52/18 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर। 3.नि0का0 13/18 धारा 3(1) उ0प्र0 गुण्डा अधिनियम थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर 4. नि0का0 105/19 धारा 110ए सीआरपीसी थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर 5. मु0अ0सं0 980/17 धारा 307/506/302/120बी भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना रामपुर 6.नि0का0/18 धारा 110जी सीआरपीसी थाना नेवढ़िया जौनपुर 6.मु0अ0सं0 48/21 धारा 394/506/411 भादवि थाना नेवढ़िया जौनपुर 7. मु0अ0सं0 57ध्21 धारा 307 भादवि (पुलिस मुठभेड़) थाना नेवढ़िया जौनपुर 8. मु0अ0सं0 58/21 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना नेवढ़िया जौनपुर 9. मु0अ0सं0 56/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधि0 थाना नेवढ़िया जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीम 1.उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह 2.का0 संदीप तिवारी 3.का0 आशुतोष यादव थाना नेवढ़िया जौनपुर।

थाना गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय व क्षेत्राधिकारी केराकत महोदय के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर के

दिशा निर्देशन में थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 78/22 धारा 147/148/149/325/506/332/353/427/34/307/341/336 भा0द0वि0 = पीडीपीपी एक्ट व 7 क्रिमिनल अमेन्डमेन्ट लॉ एक्ट मे वांछित अभियुक्तगण 1. आल्हा यादव पुत्र रामसुकुल यादव नि0 धर्मापुर ठकुर्ची थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 2. निरंजन यादव पुत्र मनोज यादव निवासी धर्मापुर ठकुर्ची थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर को दिनांक 10/06/2022 को समय करीब 09.15 बजे प्रसाद तिराहा से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार वांछित अभियुक्तगण– 1. आल्हा यादव पुत्र रामसुकुल यादव नि0 धर्मापुर ठकुर्ची थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर उम्र 23 वर्ष 2. निरंजन यादव पुत्र मनोज यादव निवासी धर्मापुर ठकुर्ची थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर उम्र 19 वर्ष गिरफ्तारी टीम– 1) उ0नि0 शिवराज सिंह यादव थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर 2) उ0नि0 तेजबहादुर सिंह थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर 3) उ0नि0 रामशंकर पाण्डेय थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर 4) हे0का0 शिवबदन प्रसाद थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर 5) हे0का0 संजय यादव थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर।

आज और कल राजस्थान में होगी आगरा से खेलने गए बच्चों की नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता

आगरा ब्यूरो : आगरा से खेलने गए हैं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता दिनांक 11 से 12 जून तक राजस्थान में होगी। कोच आशु त्यागी

राहुल हॉटवाणी। खिलाड़ी परी जैन, श्लोक मल्होत्रा ,मिस्टी जैन, विकानश्री चौहान ,प्रार्थना ठाकुर कृष्णा शर्मा, तनुश्री शाक्य ,नमन सिंह, दीपक जैन, वरनिक जैन मोहित ,देवांश, शरे आदि लोग हैं।

तमंचे संग हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक पुलिस ने नियार पुल के पास से तमंचे संग हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। चंदवक थानाध्यक्ष रमेश कुमार पतरही चौकी इंचार्ज राम बहादुर यादव व हमराहियों संग शुक्रवार रात गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली कि क्षेत्र के नियार पुल पर तमंचे संग हिस्ट्रीशीटर अपराध को अंजाम देने के लिए खड़ा है।पुलिस घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पूछताछ में उसने अपना नाम तेज प्रताप सिंह सोनू पुत्र कृष्णा सिंह निवासी पड़रछा बताया।पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

केन्द्र व प्रदेश सरकार ने गरीबों को समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाओं की श्रृंखलाएं प्रदान की: महेंद्र नाथ पाण्डेय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केंद्र सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से 10 जून को गरीब कल्याण जनसभा का आयोजन किया गया भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय के लोकार्पण के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गरीब कल्याण जनसभा किया गोरखपुर से सीएम योगी और जेपी नड्डा इस कार्यक्रम में जुड़ें गोरखपुर से ही उत्तर प्रदेश के सात और जिला कार्यालयों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इसके बाद कोल्हनामऊ के सनबीम स्कूल में आयोजित गरीब कल्याण जनसभा को भी संबोधित किये। केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीबों को समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो योजनाओं शुरू की हैं, गरीब कल्याण जनसभा में उन योजनाओं से लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने गरीबों को समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाओं की श्रृंखलाएं प्रदान की हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को बिना भेदभाव के प्रदान किया गया है। गरीब कल्याण जनसभा में योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के विजन को आगे बढ़ाने के लिए 2017 में जनता ने भाजपा का समर्थन देकर सरकार बनवाई। उन्हें कई योजनाओं का लाभ मिला। इसके बाद 2022 में भी पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार जनता ने बनाई। एक जनपद एक मेडिकल की दिशा में यूपी ने कदम आगे बढ़ा दिए हैं। आज हर जनपद में मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। युवाओं को 16 लाख टैबलेट और स्मार्ट फोन दे चुके हैं। 2 करोड़ नौजवानों को टैबलेट और स्मार्टफोन दिया जाना है। प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को राशन के साथ दाल, तेल और नमक दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी व सीएम योगी के नेतृत्व में पूरा देश व प्रदेश विकास का नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से ही स्वास्थ्य महकमे में कई क्रांतिकारी कदम उठाए जा रहे हैं। मोदी सरकार का लक्ष्य है कि अगर स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारना है तो दिल्ली एम्स जैसी संस्थाओं को और बेहतरीन मेडिकल सुविधा दिया जाए और इसका विस्तार पूरे देश में हो

दो पूर्व प्रधानमंत्रियों ने भी देश के अलग–अलग राज्यों में नए एम्स खोलने का ऐलान किया था, लेकिन यह ऐलान सिर्फ ऐलान ही बन कर ही दशकों तक धूल फांकता रहा लेकिन, साल 2014 में पीएम मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने एक बार फिर से इस पर काम करना शुरू किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अनुप प्रधान बाल्मीकि ने कहा कि कोरोना काल में तो कुछ राज्यों में एम्स ने काम करना भी शुरू कर दिया है. कई एम्स में तो ओपीडी सेवा बहाल भी हो चुकी है. दिल्ली एम्स को छोड़ दें तो देश में भोपाल, पटना, जोधपुर, रायपुर, भुवनेश्वर और ऋषिकेश एम्स साल 2012 से ही काम करना शुरू कर दिया था. वहीं, नागपुर, कल्याणी, मंगलागिरी, गोरखपुर, बठिंडा, बिलासपुर और देवघर एम्स मोदी सरकार के आने के बाद से काम करना शुरू किया है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार के आने से पहले दिल्ली एम्स को छोड़ दें तो देश में सिर्फ भोपाल, पटना, जोधपुर, रायपुर, भुवनेश्वर और ऋषिकेश एम्स ही काम कर रहे थे. इन सभी एम्स की अधारशिला अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में रखा गया। 2014 के बाद पीएम मोदी के कार्यकाल में 14 और नए एम्स का ऐलान हुआ. मंगलागिरी, नागपुर, गोरखपुर, राय बरेली, दरभंगा, जम्मू–कश्मीर, कल्याणी, बठिंडा, गुवाहटी, विजयपुर, बिलासपुर, देवघर, राजकोट, बीबीनगर, मदुरई, दरभंगा और मनेठी एम्स मोदी कार्यकाल में बनने शुरू हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील तिवारी ने की। उक्त अवसर पर राज्य सभा सदस्य सीमा द्विवेदी, विधायक रमेश मिश्रा, रमेश सिंह, विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर, मछलीशहर जिलाध्यक्ष रामविलास पाल, जिला महामंत्री गण पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया, सुधाकर उपाध्याय, जिला मंत्री प्रमोद यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम सिंह मौर्या, मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, विनीत शुक्ला, सुरेश गुप्ता मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र मिश्र, सुरेन्द्र विक्रम सिन शनी, अजय मिश्र, विनोद शर्मा, बलवीर गौड़ मण्डल महामंत्री विनोद सिंह आदि उपस्थित रहे।

पैरामेडिकल एवं योग पाठ्यक्रमों में 13 से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

अयोध्या ब्यूरो : कामता प्रसाद सुंदर लाल सकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैंपस में संचालित इंडियन मेडिकल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज तथा सेंट जॉन पैरामेडिकल इंस्टुट्यूट में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आगामी 13 जून से प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।संस्थान में संचालित करीब आधा दर्जन पाठ्यक्रमों में इस बार ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रवेश प्रक्रिया संपन्न होगी।प्रवेश आवेदन पत्र की बिक्री तथा आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।शुक्रवार को यह जानकारी संस्थान की निदेशक श्रीमती सुनील गुप्ता ने दी।वह नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए शहर के एक होटल मेंआयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से मुखातिब थी। संस्थान की निदेशक श्रीमती गुप्ता ने बताया कि संस्थान द्वारा अभी तक त्रिवर्षीय डिप्लोमा इन नेचुरोपैथी एंड योग(एनडीडीवाई) संबद्धता गांधी नेशनल एकेडमी ऑफ नेचुरोपैथी नई दिल्ली तथा सर्टिफिकेट कोर्स इन योग(सीसीवाई) अवधि छह माह पाठ्यक्रम तथा योगा टीचर्स ट्रेनिंग कोर्स (वाईटीटीपी) अवधि एक वर्षीय संचालित है जिसकी संबद्धता एनआईओएस मानव संसाधान विकास मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त है तथा जिसमें प्रवेश हेतु प्रक्रिया की शुरुआत की जानी है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा संस्थान में डिप्लोमा इन मेडिकल लब टेक्नोलॉजी(डीएम एलटी) डिप्लोमा इन रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी(डीआर आईटी) डिप्लोमा इन एक्स–रे एंड ईसीजी टेक्नोलॉजी(एक्स–रे एंड ईसीजी) डिप्लोमा इन नर्सिंग असिस्टेंट (डीएनए) व डिप्लोमा इन ऑपरेशन थिएटर(डीओटी) संचालित है।इन पाठ्यक्रमों की कक्षाएं प्रवेश के बाद जल्द ही शुरू हो जाएंगी।उन्होंने बताया कि पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के संबंध में छात्र छात्राएं विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट WWW.stjohnpmi.org.in पर तथा योग एवं नेचुरोपैथी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए WWW.iminys.org.in पर या किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ राम लाल निषाद, राजकुमार वर्मा,पप्पू कुमार राना, रोहित भारती सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

18 सितंबर को आयोजित होगा 'सिनेबस्टर फिल्म्स एंड टीवी अवार्ड्स 2022

मुम्बई फिल्म पत्रकार काली दास पाण्डेय : बॉलीवुड की चर्चित फिल्म पत्रिका 'सिने बस्टर' के 6 साल पूरे होने के शुभ अवसर पर पिछले दिनों मुम्बई के जे डब्ल्यू मेरिएट होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में 18 सितंबर को यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के रसल खैमह में आयोजित होने वाले 'सिनेबस्टर फिल्म्स एंड टीवी अवार्ड्स 2022 के लिए निर्मित सोने और हीरे से जड़ित ट्रॉफी का अनावरण 'प्रिंसेस डेलिशिया' द्वारा किया गया। इस ट्रॉफी की खास बात यह है कि विश्व सिनेमा के इतिहास में पहली बार किसी ट्रॉफी को सोने और हीरे से तैयार किया गया है जो विजेताओं को दी जाएगी।इस समारोह के होस्ट मिस्टर रॉनी रोड्रिग्स, स्वामी सिने बस्टर मैगजीन प्राइवेट लिमिटेड अंडर द बैनर ऑफ पर्ल ग्रुप ऑफ कम्पनीज, थे। समारोह के दौरान रॉनी रोड्रिग्स की माता जी का जन्मदिन भी मनाया गया। उनके जुडवा बच्चे चार्ल्स और कॅडेन का भी बर्थडे मनाया गया। यह सितारों से भरी एक सुहानी शाम रही, जहां बॉलीवुड की दिग्गज हस्तियां मौजूद रहीं। डायरेक्टर अब्बास मस्तान, प्रेम चोपड़ा, उदित नारायण, ललित पंडित, ऋतुपर्णो सेन गुप्ता, विश्वजीत चटर्जी, शक्ति कपूर, बी सुभाष, दिलीप सेन, कल्याणजी आनंद जी जोड़ी के आनंद जी शाह, धीरज कुमार, अनुप्रिया लक्ष्मी कटोच, रणजीत, जिया मानेक, सुमन तलवार, सुजॉय मुखर्जी, उदित नारायण, बी सुभाष, ललित पंडित, अलका भटनागर, आरती

नागपाल, अरुण बख्शी, किशोरी शहाणे, बॉबी वत्स, निखिल कामत, सन्दीप सोपारकर, अली खान, सुरेंद्र पाल, आरके मुकेश चौकसी, वंसत भंडारी, राजू टैंक, लीना कपूर इत्यादि मौजूद थे, सभी ने इस ट्रॉफी की तारीफ की और अवार्ड फंक्शन के लिए रॉनी रोड्रिग्स को शुभकामनाएं दीं। बकौल रॉनी रोड्रिग्स मनोरंजन इंडस्ट्री के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए कलाकारों, निर्देशक, संगीतकारों, गायकों, प्रोडक्शन हाउस को सम्मानित करने के लिए 18 सितंबर को यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के रसल खैमह में 'सिनेबस्टर फिल्म्स एंड टीवी अवार्ड्स 2022 का आयोजन किया जा रहा है। बॉलीवुड की 70 से अधिक लिजेंड्री हस्तियों को यह अवार्ड दिया जाएगा। देश के बाहर इस तरह के मेगा इवेंट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य के भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देना है।

अवैध तमंचे व डेढ़ किलो से अधिक गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय पुलिस ने शनिवार भोर संदिग्ध वांछितों की चेकिंग के दौरान एक अदद अवैध तमंचा व डेढ़ किलो से अधिक गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष विवेक तिवारी शनिवार भोर अपने हमराहियों के साथ जौनपुर प्रयागराज हाइवे पर सिकरारा पुरानी बाजार में देहजुरी मोड़ पर संदिग्ध वांछितों की तलाश में वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी जौनपुर से मछलीशहर की तरफ जा रहा बाइक सवार युवक पुलिस टीम देख बाइक मोड़कर वापस भागना चाहा ।पुलिस टीम द्वारा दौड़ा कर उसे दबोच लिया गया और तलाशी में उसके पास से एक अदद अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस व एक पोटली मिली जिसमें 1.61किलो अवैध गांजा बरामद हुआ।पूछताछ में पकड़ा गया आरोपीअपना नाम नीरज यादव उर्फ मोनू निवासी कलवारी बताया। युवक पर धारा 3/25आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

34 वी पीएसी बटालियन वाराणसी सैनिक सम्मेलन व जोनल गोष्ठी का कमांडेंट डाक्टर आर एन मिश्र की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34 वी पीएसी बटालियन वाराणसी कमांडेंट डा० राजीव नारायण मिश्र,आई.पी.एस 'सेनानायक' 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी की अध्यक्षता में वाहिनी के मनोरंजन कक्ष में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ पीएसी गान के पश्चात सम्मेलन की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।सम्मेलन में उपस्थित अधि ाकारियों/कर्मचारियों से उनकी व्यक्तिगत, विभागीय व सामुहिक समस्याओं की जानकारी लेकर समस्याओं का निराकरण किया गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सेनानायक महोदय द्वारा बताया गया कि समस्त अधि0/कर्म0 अपने अपने कार्यों के बारे में संपूर्ण जानकारी रखना सुनिश्चित करें।उन्होने कहा कि अनुशासन के स्तर में कमी आ रही है, आप अनुशासन के दायरे में रहकर ही अपनी डियूटी को सम्पादित करें। डियूटी जहां भी रहती है उसकी सम्पूर्ण जानकारी रखें, डियूटी में आपका क्या कर्तव्य है? क्या करना है तथा क्या नहीं करना है, एस0ओ0पी0 की जानकारी आप को होनी चाहिए। तथा जवानों को स्वस्थ रहने के लिए रोजाना मॉर्निंग वॉक, व्यायाम तथा आवश्यक योगाभ्यास करने व कोविड–19 संक्रमण के अचानक बढ़ने के कारण व चतुर्थ वेब की आशंका को जाहिर करते हुए सचेत रहकर आवश्यक सावधानियां बरतने हेतु महोदय द्वारा ब्रीफ किया गया।तत्पश्चात 'जोनल मीटिंग' की

कार्यवाही वाहिनी सभागार में शुरू की गई जिसमें वाराणसी जोन में व्यवस्थापित पीएसी दलों के दलनायकध्पोस्ट प्रभारी उपस्थित हुए, सेनानायक महोदय द्वारा सभी से परिचय प्राप्त करने के उपरांत सभी से उनकी ड्यूटी व्यवस्थापन स्थल पर आने वाली समस्याओं की जानकारी ली तथा उसका निस्तारण कराया गया, एवं उन्हे भी कोविड संक्रमण से सचेत रहकर आवश्यक सावधानियां बरतने हेतु निर्देशित किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ मीटिंगध्गोष्ठी की कार्यवाही समाप्त की गई।

कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति के नेतृत्व में योगाभ्यास हुआ प्रारंभ

अयोध्या ब्यूरो : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 'विश्व योग दिवस' हेतु दिनांक 10/6/2022, शुक्रवार से योगा का पूर्वाभ्यास विश्वविद्यालय के खेलकूद मैदान पर प्रारंभ कर दिया गया । जिसमें कुलपति के निर्देश एवं आह्वान पर प्रथम दिन ही विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया। 21 जून 2022 को विश्व योग दिवस को सफल बनाने के लिए कुलपति ने अपने सभाकक्ष में बृहस्पतिवार को खेलकूद विभाग, समस्त हाउसों के अध्यक्ष एवं छात्रावास अधीक्षको के साथ एक बैठक आयोजित किया, जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक – कर्मचारी परिवार सहित एवं छात्र– छात्राओं को प्रतिभाग कर ऐतिहासिक विश्व योग दिवस आयोजित करने हेतु आह्वान एवं निर्देशित किया। इस अवसर पर डॉ सिंह ने बोलते हुए कहा कि भागदौड़ की जिंदगी में लोग मानसिक और शारीरिक रूप से रोग ग्रस्त हो कर अस्वस्थ हो रहे हैं, इससे बचने के लिए योग बहुत ही जरूरी है । अपना भारतवर्ष योग के कारण ही विश्व गुरु रहा है, आज भारत को उस पूर्व गौरव को प्राप्त करने के लिए योग बहुत ही आवश्यक है। जिसे अपनी दैनिक दिनचर्या में प्रतिदिन एक घंटा शामिल करना होगा। आज योगा का पूर्वाभ्यास विश्वविद्यालय के व्यायाम शिक्षक डॉ देवनारायण पटेल द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में कुलपति के साथ छात्र कल्याण अधिष्ठाता, सहायक क्रीडा अधिकारी, छात्रावास अधीक्षक, हाउस के अध्यक्ष– उपाध्यक्ष, खेलकूद विभाग के कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

प्रशासन के अतिक्रमण हटाओ अभियान से कारोबारियों में हड़कंपः भेदभाव का लगा आरोप

अयोध्या ब्यूरो : भेलसर–रूदौली मार्ग पर भेलसर चौराहा से रेलवे ओवरब्रिज तक पीडब्ल्यूडी ने अतिक्रमण हटाओ अभियान एसडीएम स्वप्निल यादव,सीओ राजेश तिवारी,कोतवाल शशिकांत यादव,लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता केपी तिवारी की देख रेख में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू हुआ। प्रशासन के अभियान से कारोबारियों में हड़कंप मच गया।मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।प्रशासन ने पीडबल्यूडी की सीमा के अंतर्गत आने वाली जमीन को दो सप्ताह पूर्व चिन्हित किया था व 2 जून तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था जिसके बाद जनता की माँग पर विभाग ने एक सप्ताह का समय और दिया था।अतिक्रमण हटाने का कार्य पुलिस बल के साथ भेलसर चौराहे से शुरू किया गया।चौराहे पर ही प्रशासन ने भेलसर चौराहे से रुदौली सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के आगे ओवर ब्रिज तक अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चला कर अतिक्रमण हटवाया।रूदौली डिग्री कॉलेज के प्रवेश द्वार को गिराया गया जबकि डिग्री कॉलेज गेट के बगल रूदौली हड्डी अस्पताल का अतिक्रमण नही तोड़ा गया।भेलसर में सीओ रूदौली कार्यालय की बाउंड्री,भेलसर रूदौलो मार्ग पर दूर संचार टावर की बाउंड्री के आगे अतिक्रमण कर बनाई गई चार दुकानें अतिक्रमन की जद में आने पर भी नही तोड़ी गई।जिससे स्थानीय लोगो मे प्रसासन के प्रति गुस्सा बना रहा।अतिक्रमण हटाने में भेदभाव किये जाने से नाराज भेलसर व्यपार मंडल के मंत्री जुनैद ने जिलादिकरी से शिकायत करने का निर्णय लिया है।गर्मी ज्यादा होने की वजह से अतिक्रमण हटाने का कार्य स्थगित कर दिया गया। शहर के अंदर दुकानदारों और मकान मालिकों ने अपनी दुकानें व मकान में लगाए गए लाल निशान तक किए गए निर्माण कार्य को तोड़ना शुरू कर दिया है।पीडब्ल्यूडी द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए 8 मीटर,9 मीटर व कहीं 12 मीटर पर लाल निशान लगाया गया है।जिसको लेकर जनता परेशान दिखी। जिसपर पीडबल्यूडी. के अधिकारियों ने बताया की जहां तक पीडबल्यूडी की भूमि है वहाँ तक चिन्हित भूमि पर अतिक्रमण हटाया जाएगा।पीडबल्यूडी के सहायक अभियंता केपी तिवारी ने बताया की भेलसर,उमापुर मार्ग को राज्य राजमार्ग बनाकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है स्वीकृति मिलते ही इसपर कार्य प्रारंभ होगा।एसडीएम स्वप्निल यादव ने बताया अतिक्रमण हटाने का अभियान शनिवार को चलाया जाएगा।

चाणक्य परिषद ने पीएम को आरक्षण आर्थिक आधार पर और सवर्ण आयोग की गठन की मांग का भेजा ज्ञापन

अयोध्या ब्यूरो : अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं अध्यक्ष श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट अयोध्या पं कृपा निधान तिवारी के नेतृत्व में 3 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी नीतीश कुमार के प्रतिनिधि को सौपकर आर्थिक आधार पर आरक्षण और सवर्ण आयोग के गठन के साथ समान नागरिक संहिता पूरे देश मे लागू करने का देश के पी एम को भेजा ज्ञापन। देश के प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन देते हुए परिषद के संरक्षक श्री तिवारी ने बताया कि काफी अरसा पूर्व उन्होंने देश में निचली पायदान पर खड़े गरीबों की मदद का बीड़ा उठाया था और उसी समय से देश के सभी जाति के गरीबतम व्यक्तियों की मदद के लिए सभी सांसदो और विधायको को संविधान मे परिवर्तन के लिए प्रेरित करने के लिए ज्ञापन दिए थे। वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समाज के गरीब अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाने के सिद्धांत को लागू कराने के लिए कृत संकल्पित हैं संवैधानिक व्यवस्था में परिवर्तन के लिए परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया था जिसके अनुपालन में यह ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन देते समय प्रतिनिधिमंडल में डॉक्टर रामतेज पांडे श्रीकांत पाठक उमाशंकर तिवारी के के तिवारी राजदेव पांडे प्रदीप पाठक राकेश तिवारी आदि भारी संख्या में परिषद के लोग उपस्थित रहे।

समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल मिला एस एस पी से

अयोध्या ब्यूरो : समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष गंगासिंह यादव के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या से मिला । प्रतिनिधि मंडल ने जनपद में लगातार हो रही अपराधिक घटनाओं पर चर्चा की । बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के गुंधौर गांव में अर्जुन यादव की हत्या के बाद हुई पुलिस कर्मियों और जनता के बीच झड़प को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मांग की गई की शांति बनाने का प्रयास बहुत आवश्यक है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की गई की निर्दोषों को परेशान न किया जाए ।जनपद में हुई शिक्षिका की दिन दहाड़े हुई हत्या , रामपुर हलवारा के युवक की हुई हत्याओं के दोषियों को शीघ्र पकड़ने की भी मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व राज्यमंत्री आनंदसेन यादव , पूर्व राज्यमंत्री तेज नारायण पाण्डेय , बीकापुर विधानसभा से प्रत्याशी रहे फिरोज खान गब्बर , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छोटे लाल यादव , जिला सचिव जय प्रकाश यादव आदि शामिल रहे।

विद्युत बिजीलेंस दस्ते की अबैध छापेमारी एंव धन उगाही के विरोध में प्रधानःब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सीधी लड़ाई के मूड़ में

अयोध्या ब्यूरो : रूदौली विद्युत डिवीजन क्षेत्र सोहावल उपकेंद्र ज्योढी फीडर के बिजली उपभोक्ताओ पर बिजीलेंस टीम द्वारा की गयी अबैध छापामारी कर कनेक्शन धारकों का उत्पीडन एवं अवैध धन वसूली करने का, आरोप,प्रधान संघ सोहावल ,एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान ने लगाया है। चौहान एवं ग्राम प्रधान संघ एंव प्रतिनिधि गिरजेश त्रिपाठी ने बताया कि विभागीय अधिकारियों कर्मियो की मिली भगत से अबैध धन उगाही कर क्षेत्र में दर्जनों अबैध कनेक्शन चलते हैं उनपर कोई कार्यवाही नहीं होती और जो क्षेत्र में कनेक्शन धारी हैं उनलोगों के सैकड़ो कनेक्शन काट दिए गए हैं।नियमानुसार कनेक्शन लेने वाले गरीब किसानों से उपरी कमाई नही होने के कारण दो दो महीने इंतजार के बाद भी नियममें शर्तो की लंबी लिष्ट हाथ थमा देते है। जिससे उपभोक्ता महीनो दफ्तर के चक्कर काटने के बाद भी कनेक्शन नही ले पाते। विभागीय अनलीगल सचल दस्ता भेजकर छापा डलवा कर विसौली सारंगापुर कोटडीह सरैया पिरखौली आदि गांवों में पैसे की अवैध वसूली होती हैं। विभागीय अधिकारियों की संविदाकर्मियो की संलिप्तता के कारण आवेदक तीन से छः माह तक चक्कर काटने के बाद भी कनेक्शन नही ले पाता। थक हार कर संबधित विभाग के कर्मियो की जेब गरम कर कनेक्शन कराने पर विवश होता है। इन सभी मामले को लेकर एक, प्रतिनिधि ा मंडल एमडी विद्युत,जिलाधिकारी अयोध्या मय साक्षय संबधित विभाग के कर्मियो की आय व्यय सहित अवैध वसूली की जांचकर कार्यवाही करने की मांग करेगा और संघ का कहना है कि अगर बिल बकाया है तो गरीब किसानों कनेक्शन धारियों को कनेक्शन काटने पूर्व सूचना ग्राम प्रधान के माध्यम विभागीय कर्मचारियों के माध्यम से उपभोक्ता को लिखित सूचना कम से कम 15 दिन पूर्व दी जाए उसके पश्चात ही कनेक्शन विच्छेदन का कार्य हो। अगर क्षेत्र में दोबारा ऐसा कार्य होता है तो विद्युत विभाग के खिलाफ आम जनमानस एवं प्रधान संघ प्रमुख प्रतिनिधि बीडीसी सदस्य धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे इस बारे में माननीय विधायक जी से वार्ता हुई है वह इस मामले को शासन में रखेंगे।

राष्ट्रीय खिलाडी कबड्डी एवं करणी सेना भारत जिलाध्यक्ष ने दिया डिप्टी सीएम को ज्ञापन

अयोध्या ब्यूरो : राष्ट्रीय खिलाडी कबड्डी एवं करणी सेना भारत जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह ने अयोध्या के धारती पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी का सफा पहना कर स्वागत एवम शिक्षिका हत्या कांड में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजय सिंह अजय सिंह ने केशव प्रसाद मौर्य जी को ज्ञापन देकर घटना की जल्द से जल्द पर्दाफाश करने का निवेदन किया दिनेश सिंह ने कहा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे बहुत ही होनहार एवम तेज तर्रार है एसएसपी द्वारा निर्दोष जेल ना जाए यही उनका प्रयास रहता है महाराष्ट्र मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के कश्मीर वाले बयान पर दिनेश सिंह ने कहा कि आगामी 13 तारीख को चलो कश्मीर का नारा देकर श्रीनगर के लिए प्रस्थान किया जाएगा एवं श्रीनगर लाल चौक पर हनुमान चालीसा पढ़ी जाएगी यदि उधव ठाकरे संजय रावत और अरविंद केजरीवाल। सच्चे हिन्दू हैं तो 13 तारीख को वह भी कश्मीर चलें प्रभु श्री राम सभी के हैं श्रीनगर से लौट कर के 20 तारीख को अयोध्या हनुमानगढ़ी दर्शन करके मुंबई जाकर के राज ठाकरे जी को अयोध्या आकर प्रभु श्री राम के दर्शन करने एवं अयोध्या में एक रोड शो करने का निवेदन किया जाएगा।

इंसानियत फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर कैम्प का हुआ आयोजन

अयोध्या ब्यूरो : इंसानियत फाउंडेशन ने गुरुवार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर कैंप का आयोजन किया गया। इस रक्तदान कैंप के संबंध में जानकारी देते हुए इंसानियत फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद वसी ने बताया कि इस तरह के रक्तदान शिविर कैंप का मुख्य उद्देश हर जरूरतमंद लोगों तक उनकी आवश्यकता के अनुसार उन्हें समय से ब्लड उपलब्ध कराया जाना है।ताकि मजबूर की मदद इस इंसहियत फाउंडेशन के तहत हो सके क्युकी रक्तदान महादान है। फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद वसी ने बताया कि उनकी संस्था इंसानियत फाउंडेशन द्वारा अक्सर इस तरह के रक्तदान कैंप का आयोजन किया जाता है। इसी माध्यम से अधिक से अधिक ब्लड यूनिट जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में इकट्ठा कराया जाता है और यहां पर ब्लड इकट्ठा कराने का मुख्य उद्देश है। जरूरतमंद को किसी भी विपरीत स्थिति के समय तत्काल प्रभाव से ब्लड उपलब्ध कराया जाता है।वही एक पीड़ित पिता भी अपनी बेटी के लिये रक्त के लिये हॉस्पिटल में काफी परेशानी में रक्त के लिये जिला अस्पताल में भटक रहा था और काफी परेशान था। तभी इंसानियत फाउंडेशन के अध्यक्ष को इस बात का पता चलने पर कि उसकी बेटी की हालत काफी खराब है जो कि एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती है और उसको रक्त की तत्काल प्रभाव से जरूरत है जैसे ही इस बात की जानकारी मोहम्मद वसी को हुई तो उन्होंने इंसानियत फाउंडेशन की ओर से एक यूनिट ब्लड दिया और उस पिता ने इंसानियत फाउंडेशन का धन्यवाद किया। इस रक्तदान शिविर में रेहान सिद्दीकी, साकिर अंसारी, शोएब अंसारी, मोनू महाजन, दानिश, सीब्लू, अक्षय, के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मारपीट में प्रधान पुत्र सहित पांच का हुआ चालान

अयोध्या ब्यूरो : थाना पटरंगा की पुलिस बे मारपीट के मामले में प्रधान पुत्र सहित पांच का शान्ति भांग की आशंका में चालान किया है। एक साल के कार्यकाल में जखौली प्रधान पुत्र द्वारा आधा दर्जन झगडे करना इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।बीते 7 जून की शाम लगभग 5 बजे जखौली निवासी अब्दुल वहीद अपने द्वार पर बैठे थे आरोप है कि तभी शराब के नशे में प्रधान प्रतिनिधि सुशील कुमार चौरसिया अपने दो साथियो के साथ आये और किसी पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। अब्दुल वहीद ने बताया कि विरोध करने पर मारपीट करने लगे बचाव में आई पत्नी को भी चोटे आयी।समय से पहुंची पटरंगा पुलिस ने सुशील,सचिन,सत्यदेव सहित पीड़ित पक्ष के अब्दुल वहीद और उनके पुत्र सालिम को थाने ले आयी।थानाध्यक्ष पटरंगा ने बताया कि दोनों पक्ष के 5 लोगों का शान्तिभांग की आशंका में धारा 151 के अंतर्गत चालान किया गया है।वहीं पूर्व प्रधान का आरोप है कि प्रधानपुत्र इसके पूर्व भी राजेंद्र कुमार व संतराम निषाद आदि से झगड़ा कर चुके है। प्रधान के देवर द्वारा दारू के नशे में एक सप्ताह पूर्व मारपीट की गयी थी जिनके द्वारा आये दिन झगड़ा लड़ाई करना आम बात है।

अमृत सरोवर का शिलान्यास करने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

अयोध्या ब्यूरो : मसौधा सरियावां अमृत सरोवर का शिलान्यास करने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य। डिप्टी सीएम का लगभग 23 मिनट का रहा भाषण। पूरे भाषण में तीन बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा एक बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लिया नाम। 15 मिनट तालाबों के नाम पर तथा 8 मिनट नारी सशक्तिकरण के नाम पर बोले केशव मौर्य। 23 मिनट के भाषण में एक बार सपा बसपा तथा कांग्रेस का भी लिया नाम। अमृत सरोवर में कार्य कर रही महिला मनरेगा मजदूर रंजना पत्नी राम आशीष दिलासी का पुरवा प्रिया पत्नी दिनेश निवासी खैंपुर की शिकायत पर पूरे ग्राम सभा की जांच करवा कर पात्र लोगों को तत्काल आवास मुहैया कराने का निर्देश सीडियो अनीता यादव को दिया। मनरेगा मजदूरों के 90 दिन कार्य पूरे ना होने तथा 3 मेट में दो महिला मेट की गैर हाजिरी पर भी डिप्टी सीएम ने नाराजगी जताई। मजदूरों से डिप्टी सीएम ने कहा पहले से तैयार क्यों नहीं हुआ तालाब कहीं कब्जा तो नहीं था..?। डिप्टी सीएम के सामने बीकापुर विधायक अमित चौहान ने दिया भाषण। कार्यक्रम में सांसद लल्लू सिंह रुदौली विधायक रामचंद्र यादव सीडीओ अनीता यादव उप जिलाधिकारी अनुराग प्रसाद सरियावा प्रधान नीलम सिंह पति प्रमोद सिंह अजय सिंह राम लौट पूर्व प्रधान संजय सिंह सिद्धार्थ सिंह शिव वरदान पांडे अजीत सिंह विनोद कुमार शैलेश बाबा दीनदयाल विजय कुमार सिंह राजकुमार पांडे पप्पू तिवारी एपीओ अतुल पांडे आदि रहे मौजूद।

शिक्षिका सुप्रिया वर्मा हत्याकांड का खुलासा होने में विलंब से आग बबूला हुआ उ.प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ

अयोध्या ब्यूरो : संगठन द्वारा आपात बैठक सिविल लाइंस स्थित एक होटल के सभागार में आहूत की गयी। अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय ऑडिटर एवं जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने घटना के 9 दिन बाद भी पर्दाफाश ना होने पर आक्रोश व्यक्त किया है। संचालन कर रहे जिलामंत्री चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि इस दुस्साहसिक घटना के वास्तविक अपराधियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाय। कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र भारती ने कहा कि खुलासा न होने से परिवार भयभीत है। जिला कार्यसमिति एवं ब्लाक इकाइयों की संयुक्त बैठक शिक्षक नेताओं ने पुलिसिया जांच की कछुआ चाल पर जम कर भड़ास निकाला।जल्दी अनावरण न होने पर बड़े आंदोलन का निर्णय भी बैठक में लिया गया। जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि निधि पाठक, तहसीन बानो, अपर्णा द्विवेदी, सीमा सिंह,अनिल सिंह,रविंद्र गौतम, ,धर्मवीर सिंह चौहान, संजय सिंह ,अनिल सिंह, महेंद्र यादव, समीर सिंह,विजय कुमार शुक्ला, प्राणेश कुमार रावत, जयहिंद सिंह, संचराज वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, डॉ अरविंद पाठक, ओम प्रकाश एवं संतोष कुमार द्विवेदी बैठक में शामिल हुए।अंत में मृतका सुप्रिया वर्मा की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

एसएसपी की फटकार के बाद दर्ज हुआ बाइक चोरी का मुकदमा

अयोध्या ब्यूरो : इनायत नगर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर बाजार स्थित स्टैंडर्ड कैरियर इंस्टिट्यूट के सामने खड़ी कोचिंग संचालक की बाइक चोरी के मामले में एसएसपी की फटकार के बाद आखिरकार इनायत नगर पुलिस ने पीड़ित कोचिंग संचालक की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि अभी तक इनायत नगर थाने का कोई भी पुलिसकर्मी मौके तक पहुंचने की जहमत नहीं मोल ले सका है। बताते चलें कि इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत निमड़ी पूरे रिहारी निवासी प्रदीप चौरसिया मिल्कीपुर बाजार स्थित स्टैंडर्ड कैरियर इंस्टिट्यूट का संचालक है। बीते बुधवार 8 जून को कोचिंग भवन के सामने खड़ी उसकी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 42 एएम 2146 अज्ञात चोर रात्रि करीब 7:30 बजे लेकर फरार हो गया था। घटना के बाद पीड़ित कोचिंग संचालक नहीं 112 नंबर डायल कर पीआरबी को सूचित करना चाहा तो काफी प्रयास के बावजूद भी 112 नंबर डायल नहीं हो सका था। घटना के तुरंत बाद पीड़ित युवक इनायत नगर थाने पहुंचा था और मामले में प्राथमिकी कायम किए जाने हेतु तहरीर दी थी। किंतु इनायत नगर थाने का कोई भी पुलिसकर्मी मौके तक पहुंचने की जहमत नहीं मोल ले सका था। इनायत नगर पुलिस की उदासीनता को देख पीड़ित युवक घटना के दूसरे दिन फिर थाने पहुंचा और मौके से मिले सीसी फुटेज साक्ष्य सहित मामले में मुकदमा कायम किए जाने के संबंध में पुनः तहरीर प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह को दिया था इसके बावजूद भी इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक ने मामले में मुकदमा नहीं कायम कराया था जिससे आहत कोचिंग संचालक युवक ने एसएसपी को फोन कर आपबीती बताया। पीड़ित युवक की दूरभाष पर शिकायत सुनने के बाद एसएसपी ने इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाया। तब जाकर बीते बृहस्पतिवार की देर रात प्रकरण में मुकदमा कायम हो सका। उधर पीड़ित युवक का आरोप है कि सड़क के दूसरी पटरी स्थित एक दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे के फुटेज साक्ष्य के नष्ट होने का भी अंदेशा व्यक्त किया है। युवक का आरोप है कि पुलिस अगर ऐसे उदासीन बनी रही तो घटना का पर्दाफाश कतई नहीं हो पाएगा। यही नहीं अभी 3 दिन पूर्व मिल्कीपुर पेट्रोल पंप तिराहा स्थित पेट्रोल पंपकर्मी अर्जुन कुमार की भी अपाचे बाइक चोरों ने पार कर दिया था। जिसमें भी इनायत नगर पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

चौकी में निषाद समुदाय की पिटाई करने के मामले में तीन सिपाही को एसएसपी ने किया निलंबित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के कोतवाली बीकापुर के चौरे बाजार चौकी के 3 सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। चौकी में निषाद समुदाय के लोगों की पिटाई करने का आरोप लगने के बाद सीओ बीकापुर की रिपोर्ट पर एसएसपी शैलेश पांडे ने की तीनों पर कार्रवाई करते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। आरोप है कि सिपाही सलिल यादव, आकाश व रवि प्रताप दो परिवारों में विवाद के बाद निषाद समुदाय के लोगों को चौकी ले गए थे।गत दिनों कोतवाली अंतर्गत चौरे बाजार पुलिस चौकी में पिता पुत्र और पुत्री की पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया था। चौरे बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र के साल्हीपुर निवासी 46 वर्षीय विजय कुमार निषाद पुत्र जागेश्वर निषाद और उनके छोटे भाई शिव कुमार निषाद के बीच 4 जून को गाली गलौज और विवाद होने पर चौरे बाजार चौकी की पुलिस विजय कुमार निषाद को पकड़कर चौरे बाजार ले आई।आरोप था कि रात में पुलिसकर्मियों द्वारा पट्टे और डंडे से जमकर उनकी पिटाई की गई थी, जिससे वह घायल हो गया था। आरोप है कि उससे 50 हजार की डिमांड की गई थी। उसने 10 हजार रुपए दिया और पैसा देने में असमर्थता जताई गई। उनकी खोज खबर लेने पुलिस चौकी पहुंचे उनके पुत्र अर्जुन 15 वर्ष और पुत्री नंदिनी 17 वर्ष को भी मारा पीटा गया। शनिवार को शांति भंग में उनका चालान किया गया था।रविवार को पीड़ित ने अस्पताल पहुंचकर अपना दवा उपचार कराया।पीड़ित परिवार ने आईजी अयोध्या रेंज अयोध्या के पी सिंह से शिकायत करके दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी।इस घटना को लेकर निषाद समुदाय के लोग आक्रोशित हो गए थे। रविवार शाम को पिपरी जलालपुर में इकट्ठा होकर आक्रोश जताया जानकारी होने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा–बुझाकर आक्रोश शांत किया।इस मामले की निष्पक्ष जांच करके दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने क आश्वासन दिया था।

शहर में कुंडों की सफाई व सौंदर्यीकरण में निगम कर्मियों द्वारा अनियमितता पर क्षेत्र के लोगों द्वारा भारी विरोध

अयोध्या ब्यूरो : शहर में कुंडों की सफाई व सौंदर्यीकरण में निगम कर्मियों द्वारा अनियमितता पर क्षेत्र के लोगों द्वारा भारी विरोध, सचिव विकास प्राधिकरण,एसडीएम सदर व थानाध्यक्ष को साधु संतों व क्षेत्र के निवासियों द्वारा दिया गया शिकायती पत्र। नव्य अयोध्या भव्य अयोध्या निर्माण में जहां सरकार द्वारा अथक प्रयास कर नई दशा देने का कार्य जारी है वहीं अयोध्या स्थित कुंडों की सफाई व सौंदर्यीकरण के दौरान क्षेत्र के निवासियों व संतों द्वारा विद्याकुण्ड की सफाई के दौरान निगम कर्मियों पर लगाये गए लापरवाही व अनियमितता के आरोप, उनके द्वारा कहा गया कुंडों की सफाई के दौरान जहां कुंडों में स्थित कछुओं व मछलियों को सफाई के पूर्व संरक्षित कर तब सफाई की मांग पर आश्वासन प्राप्त किया था, पर आश्वासन के विपरीत जाल लगाकर सफाई के दौरान शरारती तत्वों द्वारा मछलियों व कछुओं को पकड़ना जारी है जिसका जमकर विरोध भी किया गया, इस दौरान 112 डायल कर पुलिस बुलाकर कुछ लोगों को पकड़वा भी लिया गया जिनका जाल आदि भी जब्त किया गया। इसी घटनाक्रम के सापेक्ष संतों व क्षेत्र के निवासियों द्वारा सचिव विकास प्राधिकरण, एसडीएम सदर व थानाध्यक्ष को ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने संबंधी शिकायती पत्र भी दिया गया।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।